समाचार

# जनसमस्याओं का निराकरण उच्च प्राथमिकता के साथ करें–आयुक्त

## (आयुक्त श्री राहुल देव ने ली निगम अधिकारियों की बैठक, निगम के विविध कार्यो व जनसमस्याओं, शिकायतों के निराकरण की कार्यप्रगति की समीक्षा की)



कोरबा 23 अक्टूबर 2019–आयुक्त श्री राहुल देव ने आज निगम के जोन कमिश्नरों, अभियंताओं व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि जनसमस्याओं का निराकरण उच्च प्राथमिकता के साथ किया जाना सुनिश्चित करें, शिकायतों के समाधान के प्रति पूर्ण रूप से गंभीर हों तथा यह सुनिश्चित करें कि समयसीमा के प्रकरण निर्धारित समयावधि में निराकृत हों। उन्होने कहा कि निगम के प्रगतिरत विकास व निर्माण कार्यो में आवश्यक तेजी लाएं तथा नवीन कार्यो को त्वरित रूप से प्रारंभ कराएं।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री देव ने आज निगम अधिकारियों की बैठक दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज समयसीमा की बैठक आयोजित हुई। आयुक्त श्री राहुल देव ने बैठक में समयसीमा के प्रकरणों, निदान 1100 के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों, लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों, जनदर्शन के प्रकरणों तथा अन्य जनसमस्याओं व शिकायतों से संबंधित प्रकरणों के निराकरण की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का निराकरण उच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए तथा अधिकारीगण उनकी शिकायतों के समाधान के प्रति पूर्ण रूप से गंभीर हों, ताकि समय पर समस्याओं एवं जनशिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

**विकास व निर्माण कार्यो में गति लाएं**– आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए अभियंताओं को निर्देश दिया कि निगम के जो विकास कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं, उनमें आवश्यक तेजी लाकर कार्यो को अंतिम रूप दें तथा नवीन विकास कार्यो को त्वरित रूप से प्रारंभ कराएं। निगम द्वारा किए जा रहे सड़क मरम्मत कार्यो की जोनवार समीक्षा करते हुए उन्होने सड़क मरम्मत के कार्यो को उच्च प्राथमिकता के साथ संपादित

कराने के निर्देश दिए तथा कहा कि सड़कों के गड्ढों को भरने के कार्यो व सड़कों के मरम्मत संबंधी अन्य कार्यो को निरंतर जारी रखें, जब तक की निगम क्षेत्र की सम्पूर्ण सड़कें दुरूस्त न हों जाए।

**राजीव आश्रय योजना सर्वे कार्य में तेजी लाएं**– बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने राजीव आश्रय योजना अंतर्गत किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य की वर्तमान कार्यप्रगति की जोनवार समीक्षा करते हुए जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण के कार्य में आवश्यक तेजी लाएं, आवश्यकतानुसार सर्वेक्षण कार्य में कर्मचारियों को संलग्न करें तथा यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित समयावधि में सर्वे का कार्य पूर्ण हो सके। उन्होने इस दौरान मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना के अंतर्गत संचालित वार्ड कार्यालयों से संबंधित कार्यो, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों, पौनी पसारी योजना सहित शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**स्वच्छ सर्वेक्षण में उच्च रैंकिंग हेतु कार्य करें**– बैठक के दौरान आयुक्त श्री राहुल देव ने अधिकारियों से कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य दिसम्बर जनवरी माह में किया जाएगा, अतः स्वच्छ सर्वेक्षण में कोरबा शहर को उच्च रैंकिंग दिलाने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाएं, तैयारियों को अंतिम रूप दें। उन्होने कहा कि साफ–सफाई व्यवस्था में और अधिक कसावट लाने की आवश्यकता है, अतः स्वच्छता कार्यो पर विशेष ध्यान दें, डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य को बेहतर बनाएं, एस.एल.आर.एम.सेंटरों की व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त रखें, स्वच्छता के प्रति आमजन में जागरूकता लाने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाएं।

**निगम के विविध कार्यो की समीक्षा**– बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने निगम द्वारा प्रदत्त विभिन्न नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की समीक्षा की, इस दौरान उन्होने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, सड़क रोशनी व्यवस्था, भवन निर्माण अनुज्ञा, नल कनेक्शन, पेंशन प्रकरण, अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर की जा रही कार्यवाही, आवारा पशु नियंत्रण, सी.एण्ड डी.वेस्ट सहित संपदा व राजस्व से जुड़े प्रकरणों तथा निगम के अन्य कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की तथा कार्यो में कसावट लाने, व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, कार्यपालन अभियंता एम.के. वर्मा, एम.एन.सरकार, आर.के. माहेश्वरी, आर.के. भोजासिया, भूषण उरांव, आर.के. चौबे, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, श्रीधर बनाफर, डी.सी.सोनकर, एन.के.नाथ, तपन तिवारी, राजेश पाण्डेय, राकेश मसीह, प्रकाश चन्द्रा, राहुल मिश्रा, जमुना नायक, योगेश राठौर, विवेक रिछारिया, लीलाधर पटेल, रघुराज सिंह, अनिरूद्ध सिंह, सुनील वर्मा आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।